भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 2772

उत्तर देने की तारीख 17 दिसंबर, 2025 (बुधवार)

26 अग्रहायण, 1947 (शक)

प्रश्न

राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट, 2025 के उदेश्य

2772. डॉ. संबित पात्राः

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राइजिंग नॉर्थ ईस्ट समिट, 2025 के निवेश से संबंधित मुख्य उदेश्य और प्रमुख परिणाम क्या हैं;

(ख) उक्त शिखर सम्मेलन के दौरान लक्षित क्षेत्रों के नामों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उत्तर पूर्वी क्षेत्र में हाल ही में शुरू की गई अथवा विकास के चरणाधीन नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) और (ख) उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट 2025 का आयोजन किया। पूर्वोत्तर क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए निर्धारित सम्मेलन के प्रमुख सेक्टरों में पर्यटन और आतिथ्य; कृषि-खाद्य प्रसंस्करण और उससे जुड़े क्षेत्र; वस्त्र, हथकरघा और हस्तशिल्प; स्वास्थ्य-देखभाल; शिक्षा और कौशल विकास; आईटी/आईटीईएस; मनोरंजन और खेल; अवसंरचना और संभारिकी (लॉजिस्टिक्स); और ऊर्जा शामिल थे। कुल मिलाकर, सम्मेलन और इसके प्री इवेंट रोडशो - निजी निवेशकों, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम और प्रमुख औद्योगिक समूहों से समझौता ज्ञापन (एमओयू), आशय-पत्र और क्वालिफाइड लीड्स के माध्यम से ₹4.48 लाख करोड़ का निवेश लाभ प्राप्त किया।

(ग) पूर्वोत्तर क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं का विवरण इस प्रकार है:

क्रम सं.	स्कीम	स्वीकृत /आवेदन
1.	पीएम सूर्य घर: 30.11.2025 तक मुफ्त बिजली योजना	464223 रूफटॉप सोलर एप्लीकेशन
2.	पीएम कुसुम: घटक क (30.11.2025 तक)	7 मेगावाट स्वीकृत
3.	पीएम कुसुम: घटक ख (30.11.2025 तक)	20964 स्वीकृत सोलर पंप

4.	पीएम कुसुम: घटक ग: आईपीएस (30.11.2025 तक)	3600 स्वीकृत ग्रिड से जुड़े सोलर पंप
5.	सोलर पार्क (30.11.2025 तक)	20 मेगावाट स्वीकृत
6.	पीएम जनमन (30.11.2025 तक)	1703 घरों को ऑफ ग्रिड बिजली देना स्वीकृत
7.	डीए-जेजीयूए (30.11.2025 तक)	4099 परिवारों की संख्या
8.	बायो गैस कार्यक्रम (30.11.2025 तक)	5300 बायो गैस संयंत्र

*****